दैनिक

# मेरठ दर्पण

WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

वर्षः 05 अंक 345 मेरठ,शनिवार 03 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया आईना सच का.........

एक लाख से ज्यादा (सोशल मीडिया)
पाठकों के साथ
दैनिक मेरठ दर्पण परिवार
मेरठ की खबरों से रहे अपडेट हमारे साथ।
अपने क्षेत्र की खबर/ समस्या हमे भेजे हम करेगे प्रकाशित
mrtdarpan@gmail.com meerut darpan
9897419837 meerut darpan news
meerutdarpan.com

## भारतीय किसान यूनियन का टोल पर धरने का 38 वा दिन






**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सिवाया टोल पर शान्तिपूर्वक चल रहे धरने मे टोल पर मेरठ की ओर से आये भाजपाईयो के काफिले मे शामिल हथियारबंद गुन्डो द्वारा भाकियू कार्यकर्ताओ व टोल कर्मचारीयो के साथ गाली-गलौज की गयी व हथियार लहराये गये । टोल धरने का नेतृत्व कर रहे मोनू छुर्र व टोल पर तैनात भाकियू कार्यकर्ताओ ने संयम का परिचय देते हुए टोल पर बवाल करने की नियत से आये भाजपाई गुन्डो के मंसूबो को विफल कर दिया और जिला नेतृत्व को प्रकरण की जानकारी दी ।

मौके पर पहुँचे जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी ने इस प्रकरण से प्रशासनिक अधिकारीयो को अवगत कराते हुए जांच के लिए टोल पर पहुँचे सी ओ दौराला व दौराला थानाध्यक्ष को तहरीर सौंपी जिस पर सी ओ दौराला संजीव कुमार दीक्षित व दौराला थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द उचित कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। मनोज त्यागी ने बताया कि किसान आंदोलन को लेकर भाजपाई अब गुण्डागर्दी पर उतर आये है दो दिन पुर्व गाजीपुर बश्वर्डर पर भी भाजपाईयो ने गुन्डागर्दी की थी और आज ये सिवाया टोल के धरने तक भी पहुँच गये ।

इस प्रकरण पर मेरठ भाकियू मे खासा रोष व्याप्त है, मेरठ भाकियू के शीर्ष नेताओ ने स्पष्ट ऐलान कर दिया है कि अगर भाजपाईयो द्वारा किसी भी प्रकार से धरने मे विध्न डालने की कोशिश की तो यूनियन मेरठ के सभी भाजपा विधायक के घरो के बाहर डेरा डालकर धरना शुरू कर देगी और मेरठ के सभी गांवो मे भाजपाईयो के प्रवेश पर रोक लगाने का काम करेगी ।

आज सिवाया टोल के धरने मे मुख्य रूप से मोनू छुर्र, मनोज सांधन, सुशील कुमार पटेल, गौरव, धीरेन्द्र छुर्र, मिन्टू दौरालिया, बबलू जिटोली, राजकुमार करनावल, निक्की छुर्र, हरेन्द्र बना, निशांत इकलोता, शोसिन बना, विरेन्द्र पवरसा, आशु इकलोता, लव भराला, उज्जवल सरूरपुर, देवेन्द्र जमालपुर, सुमित शर्मा समसपुर, लोकेश सिरोही समसपुर आदि मौजूद रहे।

## एसएसपी मेरठ की शानदार पहल

### पीडितों के लिये जारी किया वाट्सएप नंबर....



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने शानदार पहल करते हुए पीडित लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिये वाट्सएप नंबर को जारी किया है जिस पर पीडित किसी भी प्रकार की शिकायत कर सकता है। इस नंबर पर साक्ष्य के साथ भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वीडियो या आडियो हो तो शिकायत के साथ अपलोड कर सकते हैं। शिकायत के बाद इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि इस वाट्सएप नंबर को हर थाने के मुख्य गेट पर लिखा जाए। उन्होने वाट्सएप नंबर 8077974308 जारी करते हुए कहा कि इस नंबर पर जमीन संबंधित शिकायत मान्य नहीं होगी।

## साधु हत्याकांड में, साधु के चरित्र हनन के विरोध में उतरी शिवसेना



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ मुंडाली थाना अन्तर्गत ग्राम बढ़ला कैथवाड़ा में गत दिवस हुऐ हत्याकांड पर शिवसेना प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर के नेतृत्व में शिवसैनिक व ग्रामीण सड़कों पर उतर आए जहां एस एस पी कार्यालय का घेराव करते हुऐ एस पी देहात को ज्ञापन सौंपते हुऐ कहा कि साधु हत्याकांड में पुलिस हत्या आरोपी को बचाने का कार्य कर रही है , जहां पुलिस ने साधु हत्याकांड में अन्य आरोपीयों को बचाते हुऐ सिर्फ एक आरोपी पर खुलासा करके उस आरोपी को आसानी से जमानत मिल सके इस लिए मृतक साधु पर कुकर्म का आरोप लगाकर साधु के चरित्र हनन का कार्य किया है, लेकिन आरोपी के आरोप पर आरोपी के कुकर्म का मैडिकल भी नहीं कराया बस आरोपी के वयान को ही सच मानकर मृतक साधु का चरित्र हनन कर दिया । इस पूरे हत्याकांड की किसी उच्च अधिकारी से जांच कराई जाऐं । इस अवसर पर अवनीश आर्य, योगेश कौशिक, कृष्ण तोमर, जगदीश, सत्तन प्रधान, मोहित, सौरभ, नितिन, राकेश,मोनू,दीपक,राजा, चरण सिंह, संजू, सुरज पाल, जगपाल, सुखपाल, जगदीश, हरपाल, ओमवीर, कुंवरपाल, प्रमोद, आदेश, मनोज, कदम, विनोद, मैनू , मन्नू, सनी प्रधान, मनमोहन आदि शामिल रहे।

## विधायक सोमेन्द्र तोमर ने यूपीएससी कुण्डा का किया निरीक्षण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ दक्षिण विधायक डॉ. सोमेन्द्र तोमर शुक्रवार को वार्ड नं 6 के कुण्डा पहुँचे जहाँ उन्होंने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक सोमेंद्र तोमर ने वहां की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और टीकाकरण के लिए आए हुए नागरिकों से उनका हालचाल जाना। इस दौरान विधायक ने केंद्र प्रभारी डॉक्टर एम. पी. सिंह से वहां पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई कमी न आने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। केंद्र पर उपस्थित आशाओं से विधायक सोमेंद्र तोमर ने बातचीत की। स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर सुविधाओं के लिए केन्द्र प्रभारी से सुझाव भी लिए। उपरांत स्वास्थ्य केन्द्र पर उपस्थित आशाओं को विधायक सोमेन्द्र तोमर ने कोरोना मेडिकल किट वितरित की। विधायक सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि मरीजो को स्वास्थ्य केन्द्र पर ही बेहतर सुविधाएं मिले उसका प्रयास किया जा रहा है। विधानसभा के सभी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर मरीजों को बेहतर सुविधा दिलवाने हेतु खेल प्रभारियों से सुझाव लिए गए हैं। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद पति नवीन खटीक, पूर्व ब्लॉक प्रमुख नितिन कसाना, योगेश कसाना, डॉ. ओमप्रकाश नेगी, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

## सपाईयों ने पेट्रोलियम मंत्री का पुतला फूंका



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कैंट विधानसभा से सपा के पूर्व प्रत्याशी सरदार परविंदर सिंह ईशू के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई के विरोध में थापर नगर में पेट्रोलियम मंत्री का पुतला फूंका गया। इस दौरान युवा सपाईयों ने जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में जयकरण भूटानी, सतवंत गांधी, अरुण यादव, सोनू वर्मा, संदीप प्रजापति, किशन शाक्य, ओम प्रकाश यादव, कुलदीप शर्मा, दीपांशु चौहान, विजय यादव, दीपक चौहान, बिट्टू सैफी आदि मौजूद रहे।

## रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में रालोद का प्रदर्शन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** – राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ट की जिलाअध्यक्ष संजना सिंह के नेतृत्व में मण्डलायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दिया जिसमें रसोई गैस के बढ़े हुवे दामो को कम करने व डीजल पैट्रोल को जीएसटी के दायरे में लेने की मांग की गई। इस अवसर पर शीला देवी, अधिवक्ता शिमला सागर, शालू, बबिता, सुनीता सागार, पप्पी देवी, कोमल, गीता राजपूत,पुष्पा देवी, कल्पना,अंजना गौतम, रजिया, अलवीरा, मोनिका यादव, शीतल आदि मौजूद रहे।

## 06 जुलाई को होगी जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला स्तरीय निगरानी समिति की प्रथम बैठक आगामी 06 जुलाई 2021 को अपरान्ह 04.00 बजे अपर जिलाधिकारी नगर महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित की जायेगी।

## सरकार द्वारा संचालित महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** एनएसएस इकाई एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त प्रयासों से मेरठ इंस्टिट्यूट अश्वफ टेक्नोलश्वजी द्वारा गोद लिए गांव बिसोला में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, पारिवारिक लाभ योजना, विधवा पेंशन योजना, सुकन्या समृरि योजना, सुकन्या सुमंगला योजना, महिला सामर्थ्य्य योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम प्रधान राहुल मान ने बताया कि गांव के लगभग 250 से अधिक महिलाओं ने सभी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रूचि दिखाएं। एनएसएस कोअश्वर्डिनेटर डश्व दिग्विजय सिंह ने बताया कि महिलाओं को सभी योजनाओं का लाभ किस प्रकार से उठाना और किस तरह से आवेदन करने के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कोअश्वर्डिनेटर डश्व दिग्विजय सिंह, डश्व आशीष कुमार, ग्राम प्रधान राहुल मान, मीडिया मैनेजर अजय चौधरी का सहयोग रहा।

## जिलाधिकारी ने किया विकास खंड कार्यालयो व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने आज विकास खंड कार्यालयो खरखौदा, रजपुरा व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरखौदा का निरीक्षण किया। विकास खंड कार्यालयो के निरीक्षण के दौरान उन्होने वहां विभिन्न पटलो का निरीक्षण किया व आवष्यक दिशा-निर्देष दिये। उन्होने वहां साफ-सफाई की व्यवस्था में और अपेक्षित सुधार करने को कहा। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरखौदा के निरीक्षण के दौरान उन्होने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवष्यक दिशा-निर्देष दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशांक चोधरी एसडीएम सदर संदीप भागिया, जिला विकास अधिकारी दिग्विजय नाथ तिवारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ऑनर किलिंग: जमात से वापस लौटे बाप ने बेटी और उसके प्रेमी की गोली मारकर की हत्या


**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिले के खरखौदा थाने के बधौली गांव में प्रेम प्रसंग के विरोध में जमात से लौटे एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी और उसके बालिग प्रेमी की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को मय तमंचे के घर से गिरफ्तार कर लिया। किशोरी पड़ोसी युवक से निकाह करने की जिद कर रही थी। घटना से गांव में तनाव है।? बधौली गांव के तोहसिन की 16 वर्षीय बेटी और पड़ोसी आस मोहम्मद के 18 वर्षीय बेटे आरिफ में प्रेस प्रसंग चल रहा था। तीन साल से दोनों चोरी छिपे मिल रहे थे। चार दिन पहले गांव के बाहरी छोर पर दोनों को ग्रामीणों ने एक साथ पकड़ लिया था। इसके बाद आरिफ जमात लेकर खरखौदा के पीपलीखेड़ा गांव चला गया। उसी दिन से पूरे गांव में दोनों के प्रेम प्रसंग की चर्चा आम हो गई थी। तोहसिन तक जब यह मामला पहुंचा तो उसने बेटी पर आरिफ से दूर रहने का दबाव बनाया, लेकिन वह आरिफ से निकाह करने की जिद करने लगी। शुक्रवार को आरिफ जमात से वापस लौटा था। देर शाम गांव की मस्जिद से जैसे ही आरिफ नमाज पढ़कर बाहर निकला तभी बाहर खड़े तोहसिन ने आरिफ को गोली मार दी, जो उसकी पीठ में लगी। इसके बाद तोहसिन ने आरिफ की कनपटी से सटा कर गोली मार दी और अपने घर चला गया। घटना के बाद वहां भीड़ जमा हो गई। आरिफ की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। इसी बीच तोहसिन ने घर पहुंचकर बेटी को भी दो गोली मार दी। एक गोली उसकी गर्दन तो दूसरी पेट में लगी। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल कालेज पहुंचाया। पुलिस ने तोहसिन के हाथ से तमंचा छीनकर उसे पकड़ लिया। किशोरी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि पिता तोहसिन ने ही उसे दो गोली मारी है। उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। एसपी देहात केशव कुमार ने बताया कि हत्यारोपित को पुलिस ने मौके से तमंचे के साथ पकड़ लिया है। प्रेम संबंधों से क्षुब्ध होकर पिता ने नाबालिग बेटी और उसके प्रेमी की गोली मारकर हत्या की है।

## शोहदों की हरकतों से परेशान किशोरी ने थाना परिसर में जहर खाकर दे दी जान



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शोहदों की हरकतों से परेशान एक किशोरी ने थाना परिसर में ही जहर खाकर जान दे दी। इससे जिला पुलिस में हड़कंप मच गया। घटना जिले के थाना परीक्षितगढ़ की है। जहाँ छेड़छाड़ के आरोपितों की गिरफ्तारी न होने और पुलिस रवैये से क्षुब्ध एक गांव निवासी किशोरी ने शुक्रवार शाम थाना परिसर में जहर खाकर जान दे दी। गर्दन फंसती देख पुलिस गाड़ी से अस्पताल ले गयी लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि चार माह पूर्व दो सगे भाई समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। थाना क्षेत्र के गांव निवासी 16वर्षीय किशोरी से गांव का ही युवक शादाब पुत्र हसरत छेड़छाड़ करता था। जिससे किशोरी का बाहर निकलना भी दूभर हो गया था। एक दिन दुस्साहस करते हुए आरोपी ने घर अपना फोन भेजकर पहले भाग चलने को दबाव बनाया जब वह नहीं मानी तो चेहरे पर तेजाब डालकर जलाने की धमकी दी। घर पर शिकायत करने पर आरोपित के भाई मुनव्वर व गुलेशर पुत्र शेर ने अपने भाई का पक्ष लेते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। 17 फरवरी को पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई। उधर, पीड़िता अपनी मां के साथ थाने का चक्कर लगाते हुए थक गई लेकिन गिरफ्तारी अभी भी नहीं हुई। वहीं, शुक्रवार शाम पीड़ित किशोरी मां के साथ थाने पहुंची लेकिन पुलिसकर्मियों ने पूर्व की तरह दुत्कार दिया। इसी बात से क्षुब्ध किशोरी ने परिसर में जहर खा लिया। उल्टी होने पर मां द्वारा शोर मचाने पर पुलिसकर्मी पहले पास ही चिकित्सक के पास ले गए लेकिन जवाब देने पर मेरठ अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसओ आनंद प्रकाश मिश्रा भी अस्पताल पहुंच गए । जहां लोगों का विरोध ा झेलना पड़ा। पुलिस को काफी मशक्कत के बाद शव को मोर्चरी भेज दिया।

## करीब डेढ़ साल से घरों में कैद बच्चों के दिमाग पर बुरा असर डाल रहा कोरोना




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** करीब डेढ़ साल से घरों में कैद बच्चों के दिमाग पर बुरा असर डाल रहा कोरोना। घरों में कैद बच्चों की शारीरिक गतिविधियां थम सी गई हैं। इसका नतीजा बच्चों के रिएक्शन टाइम समेत दूसरे कई दुष्प्रभाव के तौर पर दिख रहा है। दिल्ली के अस्पतालों में इस तरह की समस्याओं से ग्रस्त बच्चे इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ सोना कौशल भारतीय ने बताया कि कोरोना कि शुरुआत के बाद से लगातार कभी न कभी लॉकडाउन लग जाता है। साथ ही संक्रमण के डर से माता-पिता बच्चों को बाहर नहीं भेजते हैं। अब बच्चों का सामाजिक दायरा खत्म हो गया है। स्कूल भी बंद हैं। वह अपने दोस्तों से भी नहीं मिल पाते। अलगाव, चिंता और डर की वजह से उनके मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। कोरोना का एक असर आपको अस्पतालों में मरीजों के रूप में दिख रहा है। वहीं, इसका एक दूसरा प्रभाव भी हुआ है, जो घरों में रह रहे बच्चों पर पड़ा है। पिछले करीब डेढ़ साल से बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से बीमार हो रहे हैं। 12 साल के वैभव के व्यवहार में बीते काफी समय से परिवर्तन आ रहा है। लॉकडाउन के कारण उसके माता-पिता टेलीमेडिसन के माध्यम से इलाज करा रहे थे, लेकिन समस्या ठीक नहीं हुई। अब वह अपने बेटे वैभव को अस्पताल में लेकर आए हैं। जहां डॉक्टरों की जांच के बाद पता चला कि बच्चा मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है। ऐसे में उसकी काउंसलिंग कि गई, जिसके बाद वह काफी हद तक ठीक हो गया है। यह मामला मेडिकल अस्पताल के बाल रोग विभाग में आया था। जहां डॉक्टरों ने बच्चे को काउंसलिंग के लिए भेजा था। 10 साल की निवेदिता को अब हर बात पर गुस्सा आने लगता है। पढ़ाई के समय में भी वह ध्यान नहीं केंद्रित कर पा रही है। साथ ही उसको लगातार सर दर्द और कम नींद कि समस्या भी हो रही थी। इसको देखते हुए उसके माता-पिता उसे एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच में पाया कि शारीरिक गतिविधियां कम होने से बच्ची के स्वास्थ्य पर काफी असर पड़ा है। इस कारण उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हुई है। बच्ची को कुछ दवाएं देने के साथ-साथ मनोरोग विशेषज्ञों से उसकी काउंसलिंग भी कराई गई। डॉ. प्रदीप भारतीय ने बताया कि इस समय सबसे जरूरी है कि माता-पिता अपने बच्चों को पर्याप्त समय दें। रोजाना उनके साथ कम से कम दो से तीन घंटे बिताएं। उनके साथ नियमित रूप से बातचीत करेंगे तो वह ठीक रहेंगे। इसके साथ ही बच्चों को फोन व लैपटॉप न दें। जिनता हो सके उन्हें बाहर पार्कों में खेलने कूदने दें। इस दौरान ध्यान रखे कि वह भीड़ में न जाएं। क्योंकि संक्रमण से भी बचना है और शरीर को शारीरिक रूप से स्वस्थ भी रखना है।

# आईपीएस अभिषेक के दो साल अपराधियों पर अंकुश, पुलिस का किया कल्याण


अमरदीप वर्मा की खास रिपोर्ट

**मुजफ्फरनगर।** दो जुलाई 2019 को जनपद में एसएसपी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने वाले 2012 बैच के आईपीएस अभिषेक यादव के हिस्से में यहां पर यूं तो अनेक सुनहरे पल आये, लेकिन वह जिले के बड़े अपराधियों की नाक में नकेल डालने और पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए किये गये कामकाज को लेकर हमेशा याद किये जाते रहेंगे। आईपीएस अभिषेक यादव ने इन बीते दो साल में मुजफ्फरनगर को एक नई पहचान देने के साथ ही पुलिसकर्मियों की दिनचर्या को स्वस्थ, सुलभ और मनोरंजक बनाने के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ काम करते हुए उनकी जनसुविधाओं का कायाकल्प किया। जनपद में आते ही कुख्यात रोहित सांडू ने दरोगा के कत्ल के बाद फरार होकर उनको एक बड़ी चुनौती पेश की थी। 14 दिन में ही उन्होंने रोहित सांडू और उसके गिरोह का सफाया कर शासन का विश्वास और जनता का दिल दोनों जीतने का काम किया था। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं



देखा। गिरोहबंद अपराधियों की कमर तोड़ी तो गैंगस्टर में अपराधियों की करोड़ों रुपये की सम्पत्तियों को जब्त करते हुए बदमाशों में दहशत फैलाने का काम किया। नशे के सौदागरों को सबक सिखाने के लिए उनका जीरो ड्रग्स अभियान सफल रहा। पुलिसकर्मियों को कार्य के बोझ के कारण अवसाद से बचाने के लिए उन्होंने थानों में हैप्पी बर्थ डे मुहिम चलाई तो साप्ताहिक अवकाश व्यवस्था शुरू की। करोड़ों की नशीली दवाएं, मादक पदार्थ, नकली फूड सप्लीमेंट, नकली शराब का भंडाफोड़ कर दूसरे जिलों में जाकर कार्यवाही कराई। मुजफ्फरनगर पुलिस लाइन का कायाकल्प करते हुए वहां पर पुलिस कर्मियों व उनके परिवारों के लिए जनसुविधा बढ़ाई। भारत का पहला शानदार पुलिस कैफे बनवाया, पुलिस कर्मियों के लिए जिम और शानदार आलीशान बैरक बनवाये। कोविड-19 की दूसरी लहर में पुलिसकर्मियों को संक्रमण से बचाने और उनकी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए मेडिकल किट वितरित कराई। एसएसपी अभिषेक की इस मेडिकल किट की खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर दौरे के दौरान सराहना की। कुल मिलाकर एसएसपी अभिषेक के दो वर्ष के कार्यकाल में हासिल की गयी उपलब्धियों की फेहरिस्त काफी लंबी है, लेकिन उन्होंने जितनी सख्ती के साथ जनपद में अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए काम किया, उतनी ही संवेदनशीलता के साथ वह पुलिस कर्मियों के हितों को लेकर एक अभिभावक के रूप में उनके साथ खड़े नजर आये।

# भाजपा छोड़कर युवाओं ने थामा रालोद का हाथ



ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी में काम कर रहे दर्जनों युवाओं ने आज जयंत चौधरी की नीतियों से प्रभावित होकर राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। शुक्रवार को सरकूलर रोड स्थित रालोद कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों युवाओं ने पार्टी ज्वाइन की। जिलाध्यक्ष अजीत राठी ने बताया कि आज वंश कुमार, आदित्य, हसीन अंसारी, मुकुल सैनी, वासु सैनी, आर्यन मलिक, आरिफ त्यागी, शिवम सैनी, आकाश धीमान आदि युवाओं ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की है। इन युवाओं के आने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि ये युवा भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे थे।

# हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों का शपथ समारोह के साक्षी बने केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान व राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल



ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** हिंदू हितों की रक्षा, राष्ट्र भक्ति, बहन बेटियों का सम्मान करते आज हिन्दू महासंघ का शपथ समारोह वाटिका रेस्टोरेंट ओमेगा होटल के सामने रेलवे रोड में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान व राज्य सरकार में मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. संजीव बालियान व कपिलदेव अग्रवाल को हिंदू एकता के प्रतीक पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर हिंदुत्व की रक्षा का भार सर्वसम्मति से सौंपा गया। कार्यक्रम की अध यक्षता अतुल कुमार गर्ग टीटू ने की व संचालन संयोजक सुरेंद्र मित्तल ने किया। मंच पर प्रमुख समाजसेवी व हिंदू महासंघ के संरक्षक मनीष चौधरी, संयोजक बिट्टू सिखेड़ा शिवसेना, पवन सिंघल भारत रक्षा मंच, प्रवीण जैन हिंदू शक्ति संगठन, वरिष्ठ नेता संजय अग्रवाल, पं. बृज बिहारी अत्री आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मंत्री डा. संजीव बालियान ने हिन्दू महासंघ के गठन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि 27 हिंदू संगठनों का एक प्लेटफार्म आना गौरव की बात है। उन्होंने हिंदू महासंघ को हिंदू एकता के लिए कार्य करने में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव ने कहा कि हिंदू हितों की लड़ाई लड़ने के लिए हिंदू महासंघ का गठन कर सराहनीय काम किया गया है। हिंदू महासंघ को इस संघर्ष में उनकी तरफ से हर संभव सहायता देने का वादा किया है। हिंदू महासंघ के संरक्षक व प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी को आगे के संघर्ष के लिए सभी संगठनों की ओर से एक तलवार भेंट की गई। सभी संगठनों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में एक स्वर में जयश्री राम का नारा लगाते हुए उद्घोष किया। बहन बेटियों के सम्मान की सुरक्षा के लिए संघर्ष का बिगुल बजाया गया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी मनीष चौधरी ने कहा कि हिंदू हितों की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा और धरातल पर रहकर देशद्रोही को ललकारा जाएगा। इस मौके पर पंडित रामानुज दूबे, चमनलाल कुक्की, नवीन कश्यप, शालू सैनी, ओमप्रकाश मिश्रा, मनीष चौधरी गोलू, कशिश गोयल, कुलदीप गोस्वामी, जल सिंह वर्मा आदि मौजूद रहे।

# मोहित हत्याकांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**भोपा।** गांव बरूकी में घर से बुलाकर शराब के ठेके पर मारपीट के बाद युवक की हत्या के आरोप में फरार चले रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरतार कर लिया, जबकि एक आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बरूकी निवासी गंगाराम ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि बीते बुधवार की शाम को गांव के गगन व गजेन्द्र घर आए और उसके लड़के मोहित को बुलाकर ले गए थे। जिसके कई घंटे बाद गांव के ही राहुल ने घर आकर बताया कि गादला के जंगल में शराब के ठेके पर उनके बेटे मोहित की गांव के ही गगन व गजेन्द्र तथा गांव गादला निवासी अमित त्यागी ने हत्या कर दी गई है। सूचना पर पहुंचे स्वजन शराब के ठेके से शव को उठाकर घर ले आए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि उप निरीक्षक गणेश शर्मा ने शुक्रवार को दो आरोपियों अमित त्यागी व गगन को गिरतार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। वहीं, फरार चल रहे आरोपी की तलाश की जा रही है।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दिया पौधरोपण का संदेश

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वृक्ष रोपित कर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा और प्रदेश को हरा-भरा रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिवस पर प्रतिवर्ष कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगायें। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन महोत्सव सप्ताह द्व1 जुलाई से 7 जुलाई तकत्र्न को वृक्षारोपण जन आंदोलन के रूप में मनाने तथा इस दौरान 30 करोड वृक्ष लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी कडी में नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर के डी0ए0वी0 इंटर कश्वलेज, जैन कन्या डिग्री कश्वलेज, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आवास विकास कश्वलोनी, एस.वी.एम. योग एण्ड हेल्थ साइंस कश्वलेज आदि स्थानों पर वृक्षारोपण कर इस जन आंदोलन का शुभारंभ किया। मंत्री कपिल देव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक वृक्ष अवश्य



लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश में एक सप्ताह के अंदर 30 करोड वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है वहीं मुजफ्फरनगर में रोपित किये जाने वाले वृक्षों की संख्या 30 लाख होगी। पेड-पौधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री कपिल देव ने कहा कि महामारी के समय में, वन महोत्सव न केवल मदर नेचर का उत्सव बन जाता है, बल्कि मानव जीवन को नुकसान से बचाने का एक उत्सव भी बन जाता है। ऐसे में, हम सभी को इस जन आंदोलन का हिस्सा बनकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हैं तथा अन्य लोगों को भी पर्यावरण की रक्षा, संरक्षण और विकास के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र सिंह, डी ए वी इंटर कालेज के प्रबंधक अभिनव सुशील, प्रधानाचार्य शिव कुमार यादव, जैन डिग्री कालेज के अध्यक्ष राजेश जैन, सचिव रुपेश जैन, प्रधानाचार्य सीमा जैन, सिविल बार संघ के अध्यक्ष सुगंध जैन, आई टी आई प्रधानाचार्य मनोज दुबे, आवास विकास कालोनी के अध्यक्ष विकास बालियान, योगेश शर्मा, जिला वन अधिकारी सूरज कुमार आदि रहे।

# जल भराव की समस्या से अधिशासी अधिकारी को कराया अवगत

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** जल भराव की समस्या को लेकर राष्ट्रीय किसान शेर बल संगठन के कार्यकर्ताओं ने धरना देकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भोकरहेड़ी नगर पँचायत कार्यालय पर पहुँचे राष्ट्रीय किसान शेर बल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमित सहरावत ने अधिशासी अधिकारी सुरजीत गौतम को ज्ञापन देकर नगर में हो रही जल भराव की समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि नगर में कई स्थानों पर जल भराव की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गयी है। जल भराव के कारण नागरिकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि सीआरपीसी की धारा 133 के तहत जिला मजिस्ट्रेट लोक बाधा को दूर करने का आदेश देने का अधिकार प्रदान करती है। नगर पँचायत द्वारा बजट का न होना, एक बहाना मात्र है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार राठी, अमित कुमार, दीपक कुमार सभासद, बबलू कुमार, अमित कुमार, अनुज कुमार, राहुल कुमार, धीरज सिंह, दीपांशु,



अभिषेक चौधरी, मनीष कुमार, अंकित, मोहित कुमार, रजत कुमार, तनुज कुमार, अनुज कुमार, प्रदीप आदि उपस्थित रहे। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण के कारण कुछ स्थानों पर जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गयी थी। पम्पिंग सेट द्वारा जल भराव की समस्या से निजात दिलाई जा रही है। अतिक्रमण पर कार्रवाई का प्रावधान है। नये नालों का निर्माण कराकर समस्या का स्थाई समाधान किया जायेगा।

# लव जेहाद को लेकर पुरकाजी थाने का घेराव

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** खतौली के बाद पुरकाजी में भी लव जेहाद और धर्मांतरण मे मामलों को लेकर आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने पुरकाजी थाने का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। बाद में मौके पर पहुंची सीओ सदर के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया। बता दें कि जनपद में खतौली में हमीरपुर की दो युवतियों का लव जेहाद के चलते धर्मांतरण करने के आरोप हिन्दू जागरण मंच, भाजपा और दूसरे संगठनों द्वारा लगाये गये थे। इसके बाद पुरकाजी क्षेत्र में भी हिन्दू युवती के धर्मांतरण का मामला हिन्दू जागरण मंच ने उठाया और लगातार आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जाती रही। हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारी आरोपियों पर सख्त कार्यवाही नहीं होने के कारण अफसरों से भी मिले और पुरकाजी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये। आज हिन्दू जागरण मंच के जिला महामंत्री अंकुर राणा के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए पुरकाजी थाने का घेराव किया। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपियों को बचाने का काम कर रही है। अंकुर राणा ने प्रशासन को जताते को हुए कहा कि अगर पुलिस प्रशासन सही ढंग से अपनी कार्यशैली नहीं सुधार सकता तो अपना काम हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को सौंप दे धर्मांतरण और लविंग जेहाद की घटनाएं तो दूर कोई अपने सपने में नाम लेने भी नहीं सोचेगा। जिला महामंत्री अंकुर राणा ने भी कहा आए दिन लविंग जिहाद की घटनाएं सामने आ रही है मुजफ्फरनगर क्षेत्र को जिहादियों ने अपना केंद्र बना के रखा हुआ है। प्रशासन इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाए अन्यथा हिंदू जागरण मंच इस तरह के



आंदोलन करने के लिए हमेशा बाधित रहेगा और हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता हमेशा हिन्दू हितो के लिए संघर्ष करने के लिए सदैव तैयार रहते हैं। थाने का घेराव करने की सूचना पर पुलिस में हड़कम्प मच गया। सीओ सदर मौके पर पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि सोमवार तक इस मामले में बड़ी कार्यवाही कर दी जायेगी। सीओ सदर हेमंत कुमार जी ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुए धरना समाप्त करने का आग्रह किया। मंच के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। धरने पर बंटी चौधरी,वैभव यादव,राजेश शर्मा, वीरेंद्र त्यागी, राजू राणा, रंजीत शर्मा, रितिक राणा राजू प्रधान,राजीव धीमान, अंजेश गुर्जर,सीताराम त्यागी,राजकुमार सुजडू,नारायण सिंह, दिनेश कुमार, प्रशांत चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## भाईचारा बनाने साइकिल यात्रा पर निकले चन्द्रशेखर आजाद



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ सत्ता परिवर्तन का नारा लेकर आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद साइकिल यात्रा पर निकले हैं। इस यात्रा के दौरान वह भाईचारे को मजबूत बनाने का काम करने के साथ ही जाति तोडो समाज जोड़ो को आह्वान भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारों ने लोगों का जीवन बर्बाद कर दिया है। हर वर्ग परेशान है। अपराधी फिल्मी स्टाइल में यूपी में अपराध कर रहे हैं और महंगाई कमर तोड़ रही है। नौ जवान बेरोजगार है, इन मुद्दों को लेकर वह लगातार 8 महीनों तक जनता के बीच रहेंगे। आजाद समाज पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद आज साइकिल यात्रा लेकर मुजफ्फरनगर पहुंचे। यहां सिसौना गांव में जिलाध्यक्ष जगदीश पाल ने उनका स्वागत किया। बझेडी अण्डरपास से होते हुए वह मदनी चौक पर पहुंचे। यहां पर इंतजार त्यागी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से उनकी यात्रा कच्ची सड़क होते हुए अस्पताल चौराहे पर पहुंची। चंद्रशेखर ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और आगे रवाना हो गये। मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उनकी यह यात्रा उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज को सत्ता में लाने के लिए है। यात्रा गुरूवार को प्रारम्भ की गयी है और इसका समापन भीम आर्मी के स्थापना दिवस 21 जुलाई को होगा उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य प्रदेश में गरीबों लोगों का राज स्थापित करना है, इन गरीबों और वंचितों को मौजूदा सरकारों ने नकार दिया है। उन्होंने कहा कि हम जाति तोड़ो-समाज जोड़ो का उद्देश्य लेकर भाईचारा मजबूत करने के लिए निकले हैं, जिन नौजवानों के हितों से भाजपा सरकारें खिलवाड़ करते हुए उनको नौकरियों से वंचित कर रही हैं, उनको रोजगार मांगने पर पीटा जा रहा है, उन्हीं नौजवानों के साथ हम इस सरकार को सत्ता से बाहर करेंगे। इस सरकार में भर्तियों में घोटाले हो रहे हैं। अपराधों पर अंकुश नहीं है। हम इस यात्रा के सहारे जातिगत जनगणना कराने और किसानों के मुद्दों पर सरकार को घेरने का काम कर रहे हैं। हमारा यह अभियान लगातार 8 महीने तक चलेगा। जिला पंचायत चुनाव में आजाद समाज पार्टी द्वारा किए गए अच्छे प्रदर्शन पर चंद्रशेखर ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी उससे भी अच्छा रिजल्ट देंगे और आगे बढ़ेंगे। 2022 के चुनाव में बसपा की स्थिति पर बोलने से उन्होंने परहेज करते हुए कहा कि जो जनहितों को लेकर मेहनत करेगा वह आगे बढ़ेगा। चंद्रशेखर ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को भाजपा से मुक्ति दिलाना बहुत जरूरी है। यहां कोई वर्ग खुश नहीं है, चाहे वह व्यापारी हो, मजदूर हो, महिला हो, नौजवान हो, कोई खुश नहीं है, सब दुखी हैं। विधानसभा चुनाव में चुनाव लड़ने पर चंद्रशेखर ने बताया कि जहां से कोर कमेटी तय करेगी, वहीं से मैं चुनाव लडूंगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सभी को रोटी, कपड़ा, मकान, चिकित्सा, शिक्षा और रोजगार देने का मुद्दा लेकर जनता के बीच जा रही है।

## भाकियू ने लहराया झंण्डा तो नप गये थानेदार


**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** किसानों पर कथित हमले के विरोध में भारतीय किसान यूनियन द्वारा किये गये थाना घेराव आंदोलन में थाना भौराकलां में भाकियू का झण्डा लहराये जाने को एसएसपी अभिषेक यादव द्वारा बेहद गंभीरता से लिया गया। उन्होंने भौराकलां थानाध्यक्ष को लापरवाही बरतने का दोषी मानते हुए लाइन हाजिर कर दिया और इंस्पेक्टर बिजेन्द्र रावत को भौराकलां थाने की कमान सौंपी है। देर रात एसएसपी अभिषेक यादव ने 4 इंस्पेक्टरों के साथ ही 17 उप निरीक्षकों के तबादले कर हलचल मचा दी। प्राप्त समाचार के अनुसार एसएसपी अभिषेक यादव ने जनपद में दो साल का शानदार कार्यकाल पूर्ण किया है। कार्यकाल की वर्षगांठ पर ही उनके द्वारा पुलिस बल को सख्त संदेश देने का काम किया गया। भौराकलां थाने में भाकियू के धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा थाने पर भाकियू का झण्डा लहराया गया था। इस प्रकरण को गंभीर लापरवाही मानते हुए एसएसपी ने सख्त कार्यवाही की। भौराकलां थानाध्यक्ष उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह तेवतिया पर एसएसपी की गाज गिरी और उनको देर रात लाइन हाजिर कर दिया गया। इसके साथ ही पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत चल रहे इंस्पेक्टर बिजेन्द्र सिंह रावत को प्रभारी निरीक्षक भौराकलां बनाया गया है। वहीं एसएसपी ने देर रात ही दर्जनों पुलिस कर्मियों के तबादले किये हैं। इनमें अधिकांश पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत चल रहे थे, तो वहीं चौकी प्रभारी भी शामिल हैं। एसएसपी अभिषेक यादव द्वारा पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर संजय सिंह को निरीक्षक अपराध। कोतवाली नगर, इंस्पेक्टर सीता सिंह को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वायड, इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर बौद्ध को प्रभारी कचहरी सुरक्षा बनाया है। पुलिस लाइन से उप निरीक्षक विपुल कुमार को साइबर सेल, उप निरीक्षक रामेश्वर दयाल को थाना चरथावल, उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार को थाना मीरापुर, उप निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह और पवनदीप शर्मा को थाना भौराकलां, उप निरीक्षक संजय कुमार को थाना रतनपुरी, उप निरीक्षक जय प्रकाश भास्कर को थाना तितावी में तैनात किया गया है। एसएसपी द्वारा पुलिस लाइन से उप निरीक्षक सुखेदव चीमा को थाना रामराज, उप निरीक्षक सत्यवीर सिंह को थाना ककरौली, उप निरीक्षक संदीप कुमार को थाना जानसठ, उप निरीक्षक विजय पाल अत्री को थाना छपार, उप निरीक्षक बिजेन्द्र शर्मा को थाना सिविल लाइन व उप निरीक्षक अमरपाल सिंह को थाना बुढ़ाना में भेजा गया है। एसएसपी ने थाना मीरापुर में तैनात उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह को थाना जानसठ की पुलिस चौकी भलवा का प्रभारी बनाया है। थाना सिविल लाइन की चौकी कचहरी के प्रभारी उप निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार शर्मा का प्रभारी चौकी जिला अस्पताल के रूप में स्थानांतरण किया गया है। थाना कोतवाली नगर में तैनात उप निरीक्षक बृजभूषण शर्मा को प्रभारी चौकी कचहरी बनाया गया तो वहीं पुलिस लाइन से उप निरीक्षक विनोद राघव को थाना छपार की चौकी रामपुर तिराहा का प्रभारी बनाया गया है।

## सीओ सदर हेमन्त कुमार ने किया चरथावल थाने का निरीक्षण

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को सीओ सदर हेमन्त कुमार ने चरथावल थाने का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होने खाने का मैस,आवासीय परिसर,दफ्तर, परिसर में खड़े वाहनों,अभिलेखों आदि को चेक किया।वही खाने की मैस में साफ-सफाई न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। सीओ सदर हेमन्त कुमार ने शुक्रवार को चरथावल थाने का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सबसे पहले सीओ सदर हेमन्त कुमार ने पहुंचते ही मुट्ठी में काफी कारतूस भरकर जेब में डाल लिए।सीओ ने दफ्तर के मुंशी लोकेंद्र सिंह से कारतूसों की संख्या पूछी। मुंशी ने दरी पर रखे बचे हुए कारतूसों को गिनकर सीओ की जेब में रखे कारतूसों की संख्या बता दी। सही गिनती मिलने पर सीओ ने



मुंशी लोकेंद्र को शाबाशी दी। इसके बाद सीओ सदर हेमंत कुमार ने खाने का मैस,आवासीय परिसर,दफ्तर, परिसर में खड़े वाहनों, अभिलेखों आदि को चेक किया सफाई व्यवस्था को लेकर संतुष्टि जताई। वंचित विवेचनाओं को समय से पूरा करने को कहा।खाने की मैस में साफ-सफाई न मिलने पर सीओ सदर ने नाराजगी जताते हुए तुरंत मैस की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह,एसएसआई इंद्रजीत सिंह,कस्बा इंचार्ज योगेंद्र चौधरी, कुटेसरा चौकी इंचार्ज ओमेन्द्र सिंह,दधेडु चौकी इंचार्ज संजय राणा,शेलेश चौधरी, महेंद्र, गौरव, सचिन आदि मौजूद रहे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेड़ा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन: 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।